हरिभूमि
धमतरी भूमि
रायपुर, सोमवार 5 अक्टूबर 2026
कुरुद | सिरी | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

11 घटुला में दौड़ा जोश, युवाओं ने दिखाया दमखम

12 ओन्हाकोना में रविवार को रही सैलानियों की भीड़


हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
05 अक्टूबर 2026
कूपन नं.
7

खबर संक्षेप

ओपन स्कूल परीक्षा फार्म 10 तक जमा होंगे

धमतरी। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल रायपुर द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा नवम्बर 2026 में सम्मिलित होने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए सामान्य शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन फार्म भरने एवं जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। निर्धारित तिथि के पश्चात विलंब शुल्क 500 रूपए के साथ परीक्षा आवेदन फार्म जमा करने की अंतिम तिथि 17 अक्टूबर है। इच्छुक विद्यार्थी अध्ययन केंद्र डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धमतरी में अपना परीक्षा आवेदन फार्म जमा कर सकते हैं।

तीन चाकूबाज पुलिस की गिरफ्त में

धमतरी। छोटी सी बात पर चाकू चलाकर दो लोगों को घायल करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है। मामला रतन कॉलोनी का है। शुक्रवार की रात चंद्रेश्वर ध्रुव बैंड पार्टी वालों को रूपए देने के लिए दानीटोला गया था। इसी दौरान साहिल मसीह, नितांत मसीह उर्फ प्रिंस मसीह और सौरभ मसीह सभी निवासी रतन कॉलोनी ने उससे मारपीट की। मारपीट के दौरान चाकू से हमला भी किया। बीच-बचाव कर रहे नरेंद्र साहू पर भी आरोपियों ने चाकू से हमला किया। पुलिस ने शिकायत पर तीनों चाकूबाजों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 12.7 इंच लंबा धारदार लोहे का चाकू एवं लकड़ी का बत्ता जब्त किया गया। प्रकरण में धारा 296, 115(2), 118 (1), 351(2), 3(5) बीएनएस एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि एसपी भावना पांडेय के निर्देश पर सिटी कोतवाली चाकूबाजी, नशाखोरी में तत्परता से काम कर रही है।





एसईटी परीक्षा में 7828 अभ्यर्थियों ने आजमाई किस्मत, 2820 रहे गैरहाजिर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य पात्रता परीक्षा (एसईटी-2026) रविवार को जिले के 56 केंद्रों में हुई। परीक्षा के लिए 10,648 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 7,828 ने परीक्षा दी, जबकि 2,820 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा दो पालियों में हुई। केंद्रों पर निगरानी और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए थे।

कर्मचारी चयन मंडल रायपुर की ओर से आयोजित एसईटी परीक्षा सुबह 10 से 11.15 बजे तथा दूसरी पाली दोपहर 2 से 4.15 बजे तक हुई। धमतरी शहर के कॉलेजों और स्कूलों के साथ ग्रामीण क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों को भी परीक्षा केंद्र बनाया गया था। केंद्रों में प्रवेश से पहले परीक्षार्थियों की जांच की गई। सभी केंद्रों पर कैमरे लगाए गए थे और परीक्षा प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। उड़नदस्ता टीम ने केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं पर नजर रखी।

56 केंद्रों में हुई पात्रता परीक्षा, घुमावदार सवालों ने अभ्यर्थियों को उलझाया



सवालों का स्तर रहा चुनौतीपूर्ण

परीक्षार्थियों शीला मरकाम, सरिता नेताम, गोल्डी मारकंडे, मनोज साहू, श्रवण मरकाम, पन्नालाल साहू, विकास पांडे, हर्ष सोनकर और कमलनारायण सेन ने बताया कि प्रश्नपत्र में कई सवाल घुमावदार तरीके से पूछे गए थे। सीमित समय में प्रश्न हल करना कठिन रहा। उनके अनुसार एक घंटे में 50 प्रश्न हल करने थे और प्रत्येक प्रश्न दो अंक का था। इस बार गलत उत्तर पर नकारात्मक अंक का प्रावधान नहीं था। प्रश्नपत्र में शिक्षण पद्धति में नवाचार, नैतिकता, वैदिक काल में शिक्षक प्रशिक्षण, न्याय दर्शन, संचार माध्यम, समूह संबंध सुधारने की प्रविधि, शोध में उद्धृत स्रोतों की सूची और अनुसंधान नैतिकता सहित विभिन्न विषयों से सवाल पूछे गए।

शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई परीक्षा

परीक्षा समन्वयक एवं पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनोदकुमार पाठक ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केंद्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। उड़नदस्ता टीम लगातार निगरानी करती रही। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र के भीतर प्रतिबंधित सामग्री ले जाने की अनुमति नहीं दी गई। समय पर पहुंचे अभ्यर्थियों को नियमानुसार प्रवेश दिया गया।

छत्तीसगढ़ में पहली बार अवैध रेत उत्खनन पर 1 साल की सजा की हो रही चर्चा

अवैध उत्खनन पर सजा की खबर से रेत सप्लायरों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अवैध रूप से रेत उत्खनन करने वाले दो लोगों को बिलासपुर में एक-एक साल के कठोर कारावास की सजा देने की खबर है। मटेरियल सप्लयारों के वाट्सएप ग्रुप में यह खबर चर्चा में है। वाट्एप ग्रुप में इस खबर के चलने के बाद सप्लायरों में हड़कंप मचा हुआ है। ट्रैक्टरों से वैध रेत उत्खनन के लिए जिले में कोई व्यवस्था नहीं है। ऐसे में रेत सप्लायर अब रेत का रेट बढ़ाने की तैयारी में है, ताकि न्यायालय में आने वाले खर्चों को मेंटेन किया जा सके।

बिलासपुर में अवैध रेत उत्खनन के मामले में विशेष न्यायाधीश द्वारा ट्रैक्टर चालक और ट्रैक्टर मालिक को एक-एक साल का कारावास और 25-25 हजार रुपए के जुर्माने से दंडित किए जाने की खबर है। जुर्माना नहीं देने पर 15-15 दिन का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। संभवतः यह छत्तीसगढ़ का पहला मामला है, जिसमें रेत के अवैध उत्खनन करने पर किसी को कारावास की सजा दी गई है। न्यायालय का यह फैसला रेत सप्लायरों में चर्चा का विषय है। इस फैसले के बाद उनमें हड़कंप मचा हुआ है। अब तक वे 10-12 हजार का जुर्माना पटाकर निकल जाते थे, लेकिन बिलासपुर जैसी स्थिति यहां बनती है तो मटेरियल सप्लायर संकट में आ सकते हैं।



रेट बढ़ाने की तैयारी

महानदी में रेत का भंडार है। इससे शहर और आसपास के क्षेत्र में दूसरे जिलों की अपेक्षा रेत काफी सस्ते में मिल जाती है। जिले में रेत सप्लायरों की संख्या काफी अधिक होने के कारण यहां कम्पिटिशन भी काफी अधिक है। कम्पिटिशन के चलते रेट बढ़ाने में भी दिक्कत आती है। अब भारी भरकम जुर्माना और सजा की खबर के बाद मटेरियल सप्लायर एकजुट होने लगे हैं और रेत का रेट बढ़ाने की प्लानिंग कर रहे हैं।

ट्रैक्टर से वैध उत्खनन की व्यवस्था नहीं

सबसे बड़ी समस्या यह है कि जिले में ट्रैक्टर ट्रालियों में रेत सप्लाई के लिए कोई वैधानिक व्यवस्था नहीं है। वैध खदानों में ट्रैक्टरों में रेत लोडिंग की सुविधा नहीं है, जिसके चलते ट्रैक्टर से रेत सप्लाई करने वाले सप्लायर आसपास की अवैध रेत खदानों से रेत निकाल रहे हैं। इन खदानों में ट्रैक्टर संचालकों से मनमाने ढंग से वसूली की जाती है। मजबूरी में वे इन खदानों से ही रेत निकालते हैं। अवैध रेत खदान चलाने वालों पर तो आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन परिवहनकर्ताओं पर लगातार कार्रवाई हो रही है। अब ऐसे मामलों में सजा भी मिलनी शुरू हो गई है, जिसके चलते मटेरियल सप्लायर सहमे हुए हैं।

गंगरेल का मिनी गोवा पर्यटकों की पहली पसंद बना



- सैलानियों ने वाटर स्पोर्ट्स में नई एक्टिविटीज जोड़ने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध में पानी की आवक सीमित होने के साथ यहां का मिनी गोवा गुलजार हो गया है। रविवार को जेस्की, मोटरबोट, क्रूज बोट खूब फर्राटे भरते रहे। इस दौरान सैलानियों ने वाटर स्पोर्ट्स का जमकर लुत्फ उठाया।

गत दिनों भारी बारिश और बाढ़ की स्थिति में सुरक्षा को लेकर गंगरेल बांध में वाटर स्पोर्ट्स का संचालन अस्थाई रूप से बंद था। अब बांध में पानी की आवक सीमित होने के बाद रविवार से वाटर स्पोर्ट्स का संचालन फिर से शुरु हो गया है जहां बड़ी संख्या में सैलानियों ने मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स का जमकर मजा लिया। वाटर स्पोर्ट्स करने पहुंचे दल्लीराजहरा निवासी गोलू लिमजा, शरद साहू ने बताया कि मिनी गोवा में वाटर स्पोर्ट्स की सीमित एक्टिविटीज है। जेस्की, मोटर बोट, स्पीड बोट, क्रूज बोट, पायडल वाटर रिक्शा का संचालन हो रहा है जबकि यहां बनाना राइडिंग, पैरासेलिंग, कयाकिंग, फ्लाई बोर्डिंग जैसी एक्टिविटीज की भी आवश्यकता है।

4 गेट से 7 हजार क्यूसेक पानी की जावक

गंगरेल बांध में कैचमेंट एरिया से पानी की आवक बनी हुई है। रविवार शाम 6 बजे बांध के 4 रेडियल गेट से पानी छोड़ा जा रहा है। बांध से पानी छोड़े जाने का खूबसूरत नजारा लेने दूर- दूर से लोग गंगरेल पहुंच रहे हैं। गंगरेल कंट्रोल रूम से प्राप्त जानकारी के अनुसार 6, 7, 8, 9 नंबर के रेडियल गेट से 4910 क्यूसेक, पेन स्टाक से 1650 तथा एचआर से 450 कुल 7 हजार क्यूसेक पानी बांध से छोड़ा जा रहा है। वहीं बांध में पानी की आवक 2416 क्यूसेक है। इसके अलावा महानदी परियोजना के सभी बांध लबालब है। पानी की आवक-जावक बनी हुई है। माड़मसिल्ली बांध में 277 क्यूसेक पानी की आवक -जावक दर्ज की गई है। दुधावा बांध में पानी की आवक 438 क्यूसेक तथा जावक 600 क्यूसेक है। सोंदूर बांध में पानी की आवक 500 क्यूसेक तथा जावक 147 क्यूसेक हो रही है।

सिर पर बत्ते से वार कर हत्या, आरोपी को उम्रकैद

- मड़ेली गौठान के पास विवाद में गजेन्द्र की गई थी जान
- पुख्ता साक्ष्यों पर कुरुद न्यायालय का फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मड़ेली में विवाद के दौरान युवक के सिर पर लकड़ी के बत्ते से जानलेवा वार कर उसकी हत्या करने वाले आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। बिरेझर चौकी पुलिस की साक्ष्य आधारित विवेचना और अभियोजन पक्ष के पुख्ता तर्कों के आधार पर अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश कुरुद ने आरोपी चेतन साहू (26) को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (1) के तहत दोषसिद्ध करते हुए सश्रम आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।

घटना 15 मार्च 2025 की है। ग्राम मड़ेली के भाठापारा गौठान के पास विवाद के दौरान आरोपी चेतन साहू पिता बाहाराम साहू ने गजेन्द्र साहू उर्फ बिट्टू के सिर पर लकड़ी के बत्ते से हमला कर दिया था। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद गजेन्द्र को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, लेकिन उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में कुरुद थाना की बिरेझर चौकी में अपराध दर्ज किया गया था।



बत्ते से लेकर एफएसएल रिपोर्ट तक जुटाए साक्ष्य

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और गवाहों के बयान दर्ज किए। आरोपी के मेमोरण्डम के आधार पर वारदात में इस्तेमाल लकड़ी का बत्ता बरामद किया गया। पुलिस ने इसे एफएसएल जांच के लिए भेजने के साथ अन्य परिस्थितिजन्य एवं महत्वपूर्ण साक्ष्य भी जुटाए। विवेचना पूरी कर निर्धारित समय में न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया।

विवेचक को मिलेगा पुरस्कार

अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों और तर्कों को स्वीकार करते हुए न्यायालय ने आरोपी को दोषी ठहराया। पुलिस अधीक्षक भावना पांडेय ने मामले की प्रभावी विवेचना और साक्ष्य संकलन के लिए तत्कालीन बिरेझर चौकी प्रभारी एवं विवेचक निरीक्षक चन्द्रकांत साहू के कार्य की सराहना की है। उन्होंने निरीक्षक को पुरस्कृत करने की घोषणा भी की है।

लाउडस्पीकर की तेज आवाज से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित

धमतरी। धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने के साथ बीमार और बुजुर्ग लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अभिभावकों ने आयोजकों से ध्वनि की तीव्रता निर्धारित सीमा में रखने की अपील की है। अभिभावक रोशन साहू, दीपक दादरा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र सिंह नागवंशी, कुंजबिहारी साहू, प्रमिला यादव और हीरालाल सिंह ने कहा कि आए दिन होने वाले कार्यक्रमों में कानफोड़ू आवाज से आसपास रहने वाले लोगों को दिक्कत होती है। तेज ध्वनि के कारण बच्चों का पढ़ाई में ध्यान नहीं लग पाता। बीमार बुजुर्गों और मरीजों को मानसिक परेशानी होती है। उनका कहना है कि धार्मिक आयोजनों में श्रद्धा और भावनाओं का सम्मान जरूरी है, लेकिन इसके साथ आसपास रहने वाले लोगों की सुविधा का भी ध्यान रखा जाना चाहिए।

नयापारा वार्ड में फिर फैला पीलिया, 30 लोग प्रभावित

- दूषित पानी और पाइपलाइन लीकेज को माना जा रहा वजह, पार्षदों ने किया प्रभावित घरों का दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के नयापारा वार्ड में एक बार फिर पीलिया फैलने से लोगों में चिंता बढ़ गई है। वार्ड में करीब 30 लोगों के पीलिया से प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। इनमें से कई मरीजों का अलग-अलग अस्पतालों और डॉक्टरों के पास उपचार चल रहा है। बीमारी फैलने की सूचना पर कांग्रेस पार्षदों ने वार्ड का दौरा कर प्रभावित परिवारों से जानकारी ली।

नयापारा वार्ड की पार्षद पूर्णिमा गजानन रजक ने बताया कि उनके परिवार का एक सदस्य भी पीलिया से पीड़ित है। उन्होंने पायल कोसरिया, राशि रजक, ज्योति रजक, यश रजक, याशी यादव, हैप्पी यादव, मोहसीन, माही, खिलावन, मौली रजक और राहुल निर्मलकर सहित अन्य लोगों के प्रभावित होने की जानकारी दी। कांग्रेस पार्षद विशु देवांगन और सोमेश मेश्राम के साथ उन्होंने मरीजों के घर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया।

पार्षद ने बताया कि करीब एक माह पहले पाइपलाइन में लीकेज के कारण घरों में गंदा पानी पहुंचा था, जिसके बाद कई लोग बीमार हुए थे। इस बार भी दूषित पानी को पीलिया फैलने की वजह माना जा रहा है। वार्ड के दो बोरवेल खराब होने से लोगों की परेशानी और बढ़ गई है। उनका कहना है कि नालियों के बीच से बिछी पाइपलाइन में लीकेज होने के कारण गंदा पानी घरों तक पहुंच रहा है।

पार्षद ने नगर निगम और जिला प्रशासन से पाइपलाइन लीकेज की जांच कराकर पेयजल व्यवस्था दुरुस्त करने तथा बीमारी की रोकथाम के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है।



आरोपी पहले ही गिरफ्तार, अब हत्या की धारा में होगी कार्रवाई

मोबाइल रिचार्ज से शुरू हुआ शक, चाकू के वार से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मोबाइल रिचार्ज को लेकर शुरू हुआ शक और प्रेम संबंध में बढ़ता विवाद आखिरकार हत्या तक पहुंच गया। कुरुद के भोथली रोड स्थित राइस मिल की मजदूर अनीता मंडावी की रविवार सुबह धमतरी के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। दो दिन पहले उसके परिचित दुलेश्वर टंडन ने मोबाइल पर किसी अन्य युवक से बातचीत के शक में उसके कमरे में पहुंचकर चाकू से कई वार किए थे। वारदात के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा जा चुका है। अब महिला की मौत के बाद प्रकरण में हत्या की धारा जोड़ी जाएगी।



रिचार्ज का खर्च, फिर मोबाइल पर शक

कोंडागांव क्षेत्र निवासी अनीता मंडावी बालाजी राइस मिल में रेजा का काम करती थी। इसी मिल में काम करने वाले भाठागांव निवासी दुलेश्वर टंडन से उसकी जान-पहचान थी। पुलिस के अनुसार दोनों के बीच प्रेम संबंध होने की बात भी सामने आई है। बताया जा रहा है कि दुलेश्वर अनीता के मोबाइल पर अपने पैसों से रिचार्ज करवाता था। इसी दौरान उसे शक हुआ कि अनीता किसी दूसरे युवक से मोबाइल पर बातचीत करती है। इसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था।



कमरे में पहुंचा और चाकू से किए कई वार

2 अक्टूबर को विवाद बढ़ने के बाद दुलेश्वर अनीता के कमरे तक पहुंच गया। वहां कहासुनी के दौरान उसने चाकू से अनीता पर कई वार कर दिए। हमले में कमर, जांघ, पेट सहित शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल अनीता को तत्काल सिविल अस्पताल कुरुद पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे धमतरी रेफर किया गया, जहां निजी अस्पताल में उसका उपचार चल रहा था। रविवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया।

आरोपी जेल में, अब हत्या का मामला

कुरुद पुलिस ने अपराध क्रमांक 327/2026 दर्ज कर आरोपी दुलेश्वर टंडन पिता लक्ष्मीप्रसाद टंडन (25) निवासी भाठागांव को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया। प्रारंभिक कार्रवाई में भारतीय न्याय संहिता की धारा 333 और 109 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। महिला की मौत के बाद पुलिस अब प्रकरण में हत्या से संबंधित धारा 103 के तहत वैधानिक कार्रवाई करेगी। घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच जारी है।

इतवारी बाजार अपडेट
पितृ पक्ष में तुराई 120 से 150 रुपए किलो तक पहुंचा

हरी सब्जियों के बढ़े दाम से बिगड़ा रसोई का बजट

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के बाजारों में इन दिनों हरी सब्जियों के दाम बढ़ने से उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। पिछले करीब दो सप्ताह से सब्जियों की कीमत में लगातार तेजी बनी हुई है। कई सब्जियों के दाम सामान्य दिनों की तुलना में दोगुने से तीन गुने तक पहुंच गए हैं। इससे रसोई का बजट प्रभावित हो रहा है।

सब्जी उत्पादक कृषक एवं व्यवसायी विकास पटेल ने बताया कि पिछले दिनों हुई तेज बारिश का असर सब्जियों की फसल पर पड़ा है। मैदानी क्षेत्र में खेतों और बाड़ियों में पानी भरने से कई सब्जियों के पौधे खराब हो गए। पौधों में लगे फल भी बारिश के कारण खराब हुए हैं। इसके चलते बाजार में स्थानीय सब्जियों की आवक कम हो गई है। आवक घटने के साथ ही कीमत में तेजी आई है। सब्जी विक्रेता कैलाश सोनकर ने बताया कि रविवार को इतवारी बाजार में भटा 40 रुपए, गाजर 50, कुंदरू 50, करेला 60, बरबटी 80, भिंडी 50, ग्वारफली 80, कद्दू 30, टमाटर 40, गोभी 80, मुनगा 100, हरी मिर्च 80, केला 40, पत्ता गोभी 40, डोड़का 60, तुराई 120, कोचई 100, हरा धनिया 200, मूली 30, देशी मिर्च 80, लौकी 20, शिमला मिर्च 80, परवल 60, सेमी 80, मीडियम क्वालिटी सेमी 60 और हरा मटर 120 रुपए किलो बिका। कृषक इंशाराम पटेल ने बताया कि नई फसल की आवक शुरू होने के बाद ही सब्जियों के दाम में राहत मिलने की संभावना है। इसके लिए उपभोक्ताओं को करीब एक माह तक इंतजार करना पड़ सकता है। आने वाले दिनों में फार्म हाउस से सब्जियों की आवक बढ़ेगी, लेकिन फिलहाल बाजार में कीमत ऊंची रहने की संभावना है।



खबर संक्षेप

बस्तर ओलंपिक के लिए पंजीयन शुरू

जगदलपुर। बस्तर ओलंपिक के तीसरे संस्करण के लिए खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन शुरू हो गया है। इच्छुक खिलाड़ी 30 अक्टूबर तक पोर्टल या खेल विभाग की वेबसाइट पर पंजीकरण करा सकते हैं। ऑनलाइन में दिक्कत होने पर खेल परिसर, ग्राम पंचायत या जनपद कार्यालय से ऑफलाइन आवेदन भी किया जा सकता है। इसके लिए आधार कार्ड, फोटो और बैंक खाते का विवरण आवश्यक है। प्रतियोगिता में 14 से 17 वर्ष तक के खिलाड़ी जूनियर तथा 17 वर्ष से अधिक के खिलाड़ी सीनियर वर्ग (महिला व पुरुष) में भाग ले सकेंगे। इस बार एथलेटिक्स, तीरंदाजी, फुटबॉल, कबड्डी सहित कुल 11 खेल विधाओं को शामिल किया गया है। सीजन-3 के ब्लॉक स्तर के मुकाबले 1 से 13 नवंबर, जिला स्तर की प्रतियोगिताएं 16 से 25 नवंबर और संभाग स्तर के मुकाबले 7 से 11 दिसंबर 2026 तक आयोजित किए जाएंगे।

मस्सुकोकोड़ा में दो बाइक की भिड़ंत में दो घायल

फरसगांव। नेशनल हाईवे-30 पर रविवार दोपहर करीब 3 बजे मस्सुकोकोड़ा के पास दो बाइकों की आपस में भिड़ंत हो गई। टक्कर के बाद एक बाइक सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे में बाइक सवार रायपुर निवासी दीपांकर पाल और भरत घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर मौजूद मगरलोड नगर पंचायत के सीएमओ अशोक चौहान ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को अपनी कार से तत्काल फरसगांव अस्पताल पहुंचाया। यहां दोनों का उपचार किया गया। हादसे में दीपांकर पाल को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि भरत को अपेक्षाकृत कम चोट लगी है।

निधन

कृष्णाबाई कंवर

डांडेसरा(धमतरी)। ग्राम डांडेसरा निवासी श्रीमती कृष्णाबाई कंवर पूर्व वार्ड पंच 60 वर्ष का निधन 2 अक्टूबर शुक्रवार को हो गया। वे होरीलाल कंवर की मां थीं। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम के शांतिघाट में किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाजजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



सेवा संकल्प अभियान : महिला समूहों ने संभाली नर्सरी की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत संचालित आईएफसी नर्सरी ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं के लिए रोजगार और आत्मनिर्भरता का प्रभावी माध्यम बन रही है। सद्भावना महिला संकुल स्तरीय संगठन, दोनर के सहयोग से संचालित आजीविका सेवा केंद्र की नर्सरी इकाई में महिला स्व-सहायता समूहों ने पौध उत्पादन से लेकर उसकी देखरेख, वितरण और प्रबंधन तक की जिम्मेदारी संभालकर अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया है।

नर्सरी की पूरी गतिविधियों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी इस पहल की सबसे बड़ी विशेषता है। समूह की महिलाएं पौध तैयार करने, बीज एवं पौध सामग्री की व्यवस्था, नियमित सिंचाई, पौधों की देखभाल, गुणवत्ता बनाए रखने और किसानों तक पौध पहुंचाने का कार्य स्वयं कर रही हैं। इस प्रक्रिया ने महिलाओं को केवल मजदूरी या रोजगार तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें स्थानीय स्तर पर उद्यमी और आजीविका संचालक बनने का अवसर दिया है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ गजेंद्र सिंह ठाकुर तथा बिहान की टीम के मार्गदर्शन में संचालित यह पहल ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौध उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।

गुणवत्तापूर्ण पौधों से बढ़ी आजीविका

स्थानीय स्तर पर ही बाजार

पहले किसानों को गुणवत्तापूर्ण पौधों के लिए दूर-दराज के बाजारों पर निर्भर रहना पड़ता था। महिला समूहों द्वारा नर्सरी संचालन शुरू होने के बाद स्थानीय स्तर पर ही टमाटर, मिर्च, बैंगन, फूलगोभी, करेला, मुनगा, पपीता, कटहल और नारियल सहित विभिन्न फसलों के पौधे उपलब्ध होने लगे हैं।



1,15,150 की आय अर्जित की

अब तक 38,100 गुणवत्तापूर्ण पौधों का उत्पादन एवं वितरण कर महिला समूहों ने 1,15,150 की आय अर्जित की है। यह उपलब्धि समूह की महिलाओं के सामूहिक प्रयास, मेहनत और बेहतर प्रबंधन का परिणाम है। आय के साथ महिलाओं में निर्णय लेने की क्षमता, जिम्मेदारी और उद्यमिता का भाव भी मजबूत हुआ है।

782 बोरी खाद बर्बाद, 7.72 लाख का नुकसान

मेघा सोसाइटी के खाद गोदाम में भरा पानी





हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

सप्ताह भर पहले लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और गंगरेल बांध के 14 गेट खोले जाने से महानदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया जिससे महानदी किनारे स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मेघा के खाद गोदाम में पानी घुस गया। गोदाम में रखा हजारों क्विंटल खाद पानी में डूबकर पूरी तरह बर्बाद हो गई। लगभग 8 लाख का नुकसान हुआ है।

समिति प्रबंधक बीरचंद साहू और प्राधिकृत अधिकारी संतोष सोनी ने बताया कि गोदाम में रखी कुल 782 बोरी खाद पानी में डुबने से घुलकर खराब हो गई है जिसमें यूरिया 271 बोरी कीमत 72,221.50 रुपये, डीएपी 494 बोरी कीमत 6,66,900 रुपये, पोटाश 17 बोरी कीमत 33,575 रुपये शामिल है। कुल नुकसान 7,72000 रुपये हुआ है। 25 और 26 सितम्बर को लगातार बारिश के कारण यह स्थिति बनी।

अधिकारियों ने किया निरीक्षण

घटना की सूचना पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केएस नरेटी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक प्रबंधक सीपी साहू, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गुलाब सिंह ठाकुर, हल्का पटवारी संगीता साहू, सरपंच मनीषा ध्रुव मौके पर पहुंचे और पंचनामा तैयार किया। उपपंजीयक प्रदीप ठाकुर ने कहा कि खाद का बीमा रहता है। जिला सहकारी बैंक के माध्यम से पंचनामा रिपोर्ट मार्कफेड को भेज दी गई है। मार्कफेड के उच्च अधिकारियों के निरीक्षण के बाद बीमा क्लेम से राशि प्राप्त होगी।

दुगली में आंगन मिलन समारोह हुआ

नगरी। ग्राम दुगली में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम के अतिथि जनपद सदस्य कलावती मरकाम, डॉ. आशीष साहू, भाजपा मंडल कुकरेल मीडिया प्रभारी वरुणदेव नेताम एवं वार्ड पंच सुमित्राबाई थे। वक्ताओं ने बच्चों एवं महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए संतुलित एवं पौष्टिक आहार, स्वच्छता स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से मिलने वाली सेवाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता विद्याबाई नेताम, कुंतीबाई नेताम, सरोजिनी नेताम, हेमलता मरकाम, सुनीता साहू, सुशीला, छबिला, प्रमिला, सोनई सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

परखंदा में मेगा क्रॉप शो का आयोजन

- किसानों को नई तकनीक और आधुनिक कीटनाशक उपलब्ध कराने गांधी ने जताई प्रतिबद्धता

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



ग्राम परखंदा में पीआई इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा धान के तनाछेदक कीट के नियंत्रण के लिए प्रस्तुत नए उत्पाद पियोक्साजोन पर मेगा क्रॉप शो आयोजित किया गया। क्षेत्र के करीब 600 किसानों और 25 कृषि विक्रेताओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कृष्णा फर्टिलाइजर्स के प्रोपराइटर दीपक गांधी विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को नई कृषि तकनीक और आधुनिक उत्पादों का लाभ दिलाने का भरोसा दिलाया। कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. शक्ति वर्मा, डॉ. मनीषा खपर्डे और सीएचआरएस के डीन डॉ. नवीन राणा ने वैज्ञानिक खेती की जानकारी दी। कंपनी के वरिष्ठ वैज्ञानिकों ने किसानों को पियोक्साजोन के उपयोग और विशेषताओं से अवगत कराया। दीपक गांधी ने कहा कि किसानों को समय के साथ उन्नत कृषि उत्पादों की जानकारी और उपलब्धता सुनिश्चित कराना उनकी प्राथमिकता है। कार्यक्रम में कंपनी के जोनल, रीजनल और मार्केटिंग अधिकारियों सहित कृषि विक्रेता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

गर्भवती माताओं की हुई गोदभराई बच्चों का कराया अन्नप्राशन



- ग्राम भैंसबोड़ में आंगन मिलन कार्यक्रम के तहत हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी

ग्राम भैंसबोड़ में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन मिलन कार्यक्रम हुआ। गर्भवती माताओं की गोदभराई एवं छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गर्भवती माताओं की पारंपरिक रूप से गोदभराई की गई। छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों को पहली बार अन्न ग्रहण कराया गया। इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों के पोषण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और बच्चों के उचित पोषण पर जोर दिया गया। माताओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ कार्यक्रम में सहभागिता की और बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए नियमित पोषण एवं देखभाल का संकल्प लिया।

मौके पर गोपीराम साहू, शिवकुमार साहू, नन्द कुमार, गंगा बाई साहू सरपंच, संतराम साहू, डाकेश साहू, कृष्णकुमार, खिलेश, लता साहू, ईश्वरी तारक, नीलम साहू, पदमनी साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरुष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना क्रम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले वीर्य स्खलित हो जाना, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना, आयुर्वेदिक द्वारा सफल स्थाई ईलाज। निराश रोगी संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टोर्स के पास धमतरी
मो. 91744-66336

अंचल की खबरें

कुहकुहा में गांधी-शास्त्री को किया नमन



सिर्री। ग्राम कुहकुहा में महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई। गांधी चौक में लोगों ने महात्मा गांधी एवं लालबहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके आदर्शों और देश के प्रति योगदान को याद किया। इस अवसर पर सरपंच रुपेश निर्मलकर, तारेंद्र साहू पूर्व सोसायटी अध्यक्ष, रामचरण साहू, टेकराम साहू, सत्यनारायण साहू, रामलाल साहू, लच्छू निर्मलकर, बालमुकुंद नेताम, हीरालाल साहू, कृष्णा साहू, जितेन्द्र यादव, चिम्मन चंद्राकर सहित अन्य उपस्थित थे।

देश को आजादी दिलाने में गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई



कोर्रा(भखारा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोसमर्रा में महात्मा गांधी के छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित किया गया। प्राचार्य दोमन लाल साहू के निर्देशन एवं कार्यक्रम अधिकारी वासुदेव सोनबेर के मार्गदर्शन में एनएसएस इकाई के तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा है, जल संचय, नशामुक्त युवा थीम पर निबंध, भाषण, चित्रकला का आयोजन किया गया। भाषण में सुनैना साहू, प्रीति साहू, प्रिया यादव व निबंध में माधवी, लकेश्वरी, डाली यादव चित्रकला युक्तिका धुव्र, माधवी, हर्षिता बंजारे, विराट कंवर तथा रंगोली देविका बंजारे, पुष्पांजलि विजेता रही। मुख्य वक्ता बालकृष्ण साहू व्याख्याता ने गांधीजी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सत्य, अहिंसा के पुजारी को भारत ही नहीं बल्कि विश्व भी पूजता है। पुष्पेन्द्र गुरु ने कहा कि देश को आजादी दिलाने में गांधी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य गार्डन के दोनों ओर, विद्यालय के प्रवेश एवं पहुंच मार्ग के दोनों ओर स्वच्छता अभियान चलाया गया। मौके पर व्याख्याता नरेश, उत्तरा गंजीर, हरिश्चंद्र नेताम, एनएसएस, रेडक्रास, स्काउट गाइड छात्र- छात्राएं उपस्थित रहे।

गांधी चौक, सिंदूर गार्डन और पुलिस चौकी परिसर में चला स्वच्छता अभियान



मगरलोड। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर नगर पंचायत करेली बड़ी-खट्टी में सेवा संकल्प अभियान के तहत विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर के प्रमुख सार्वजनिक स्थलों महात्मा गांधी चौक, सिंदूर गार्डन एवं पुलिस चौकी परिसर सहित आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। सीएमओ भरत लाल साहू के मार्गदर्शन में स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत कर्मचारियों ने अभियान में सहभागिता निभाई। सार्वजनिक स्थलों की सफाई के साथ-साथ परिसर में जमा कचरे को हटाकर स्वच्छ एवं व्यवस्थित वातावरण बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। सीएमओ श्री साहू ने कहा कि स्वच्छ नगर केवल प्रशासन के प्रयास से नहीं, बल्कि नागरिकों की सहभागिता से बनता है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने घर, गली, मोहल्ले और सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी निभाए तो पूरे नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जा सकता है। मौके पर नगर पंचायत के प्रथम अध्यक्ष महेंद्र साहू, प्रदीप साहू, वीरेंद्र सोनवानी, इतवारी साहू, कुशलकान्त साहू सहित नगरवासी एवं नगर पंचायत के कर्मचारी उपस्थित थे।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं का सम्मान

- सेनचुवा में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭डांडेसरा(धमतरी)



ग्राम पंचायत सेनचुवा के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 1 और 2 में आंगन मिलन सेवा चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सरपंच जितेंद्र साहू, विशेष अतिथि दयालाल चंद्राकर, भूपेंद्र चंद्राकर, कमलेश चंद्राकर, श्रीमती हितेश्वरी साहू, श्रीमती रेवती साहू थे।

कार्यक्रम में सेवा संकल्प अभियान और पोषण माह की जानकारी प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी महेश मरकाम द्वारा दी गई। सेक्टर पर्यवेक्षक तारकेश्वरी साहू ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देकर कुपोषण मुक्त बनाने का संकल्प दिलाया। हितेश्वरी साहू, सरोज पटेल द्वारा प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के लाभ और उसकी राशि का उपयोग अपने और बच्चों के पोषण के लिए किया बताया गया। श्रीमती गीता द्वारा महतारी वंदन योजना की राशि का उपयोग अपने स्वास्थ पर करना बताया और शासन का सहयोग करने पर आभार व्यक्त किया। इस दौरान कार्यकर्ता आशा चंद्राकर, किरण यादव, सहायिका कला साहू, इंद्रा साहू, मितानिन कुंती ध्रुव, प्रतिमा ध्रुव का सम्मान किया गया। सरपंच ने आंगनबाड़ी के सभी कार्यक्रम में सहभागिता करने व भूपेंद्र चंद्राकर द्वारा मुनगा पेड़ लगाने प्रेरित किया गया। कमलेश चंद्राकर द्वारा बच्चों के स्वस्थ रखने और कुपोषण मुक्त रखने का आह्वान किया गया। महिलाओं के लिए मेहंदी, मटका फोड़ और बिंदी लगाओ प्रतियोगिता रखी गई। स्वस्थ शिशु देवांशु साहू को सम्मानित किया गया।

विभिन्न विभागों ने दी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी

भखारा के जनसमस्या निवारण शिविर में 76 आवेदन मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭अंवरी





कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के दिशा-निर्देश पर नगर पंचायत भखारा के वार्ड क्रमांक 8 स्थित मांगलिक भवन में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने किया। इस दौरान पार्षद अविनाश गौर, मेघू साहू, झम्मन साहू, छबिलाल निर्मलकर, चांदनी साहू, जितेंद्र साहू, हितेंद्र साहू, खेमलता साहू, एल्डरमैन दीनू निर्मलकर, संतोष साहू, किशोर गौर, डुमेंद्र गंगबेर उपस्थित थे।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही इस शिविर का मुख्य उद्देश्य है। आम नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़े। नगर पंचायत उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने कहा कि जनसमस्या निवारण शिविर आम जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित करने का माध्यम है। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित मांगों को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। शिविर में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए।

सभी आवश्यक प्रशासनिक व्यवस्थाएं नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरिकिशन पावरिया ने की। शिविर प्रभारी उप अभियंता ज्योति साहू एवं संजय साहू ने भी अपनी जिम्मेदारी निभाई। शिविर में तहसीलदार भूपेश चंद्राकर की मौजूदगी रही।

Pride of Dhamtari

24 घंटे भर्ती सुविधा
• एनआईसीयु
• आईसीयु
• पीडियाट्रिक वार्ड
• टीकाकरण
• ओपीडी
बच्चों का अस्पताल
सिद्धिविनायक
'आपके बच्चे का स्वास्थ्य हमारे हाथ'
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ (पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़)
अंबेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी मो. 9981321524, 7223011528

ESTD. - 1910
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल
TO SERVE, NOT TO BE SERVED
- न्यूरोसर्जरी : सटीक देखभाल के लिए -
दिमाग | रीढ़ | तंत्रिका
EXPERTISE | EMPATHY | BETTER OUTCOMES
बस स्टैण्ड के पास
धमतरी (छ.ग.)
94249-42992
उन्नत न्यूरोसर्जिकल देखभाल के लिए जीवन को बहाल करने के लिए प्रतिबद्ध
डॉ.आशना जबीन
MBBS, DrNB (Neurosurgery)
धमतरी क्रिश्चियन अस्पताल में न्यूरो सर्जन प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे तक उपलब्ध रहेंगे

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी - 75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जौगागगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

खबर संक्षेप

महतारी वंदन में बेटियां सशक्त बन रही : हेमलता



कोण्डागांव। शासन की जनकल्याणकारी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक सहायता देने के साथ–साथ उन्हें भविष्य की बेहतर योजना बनाने और आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर भी प्रदान कर रही हैं। महतारी वंदन योजना के माध्यम से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता कई परिवारों के लिए रोजमर्रा की जरूरतों के साथ बचत और भविष्य की सुरक्षा का आधार बन रही है। **दोनों बेटियों के भविष्य के लिए कर रहीं बचत :** ग्राम भानपुरी निवासी हेमलता दीवान भी महतारी वंदन योजना से मिलने वाली आर्थिक सहायता का उपयोग अपनी बेटियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए कर रही हैं। उन्हें योजना के तहत प्रत्येक माह 1,000 रुपये की आर्थिक सहायता प्राप्त होती है। हेमलता इस राशि में से 500–500 रुपये अपनी दोनों बेटियों के नाम सुकन्या समृद्धि योजना के खातों में जमा कर रही हैं। **छोटी बचत से तैयार हो रहा आर्थिक आधार :** हेमलता दीवान बताती हैं कि उन्होंने यह निर्णय अपनी दोनों बेटियों के भविष्य को सुरक्षित करने के उद्देश्य से लिया है। उनका मानना है कि आज से की गई छोटी–छोटी बचत आगे चलकर बेटियों की पढ़ाई–लिखाई और उनकी अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने में उपयोगी साबित होगी। **बेटियों की शिक्षा को लेकर बना रही योजना :** हेमलता कहती हैं कि बेटियों के भविष्य को लेकर हर माता–पिता की अपनी चिंताएं और जिम्मेदारियां होती हैं। ऐसे में यदि अभी से उनके नाम पर बचत की जाए, तो आने वाले समय में जरूरत पड़ने पर आर्थिक परेशानी कम हो सकती है। हेमलता के अनुसार भविष्य में जमा की गई राशि का उपयोग बेटियों की पढ़ाई–लिखाई अथवा उनकी जरूरत के अनुसार अन्य महत्वपूर्ण कार्यों में किया जा सकेगा।

1600 मीटर दौड़ समेत एथलेटिक्स स्पर्धा में ग्रामीण प्रतिभाओं ने मारी बाजी

घटुला में दौड़ा जोश, युवाओं ने दिखाया दमखम

- अग्निवीर व पुलिस भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं को मिला मंच

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



गांधी जयंती पर 2 अक्टूबर को ग्राम घटुला के शीतला देवी हाईस्कूल मैदान (ठाकुर देव प्रांगण) में आयोजित एक दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता में युवाओं का जोश और जुनून देखते ही बना। युवा संगठन एवं ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में अंचल के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे बालक-बालिकाओं ने 1600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद और गोला फेंक जैसी स्पर्धा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य अग्निवीर, टीए (प्रादेशिक सेना), बस्तर फाइटर सहित पुलिस एवं अन्य सुरक्षा बलों की भर्ती की तैयारी कर रहे ग्रामीण युवाओं को अभ्यास और प्रतिस्पर्धा के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराना था। मैदान में प्रतिभागियों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

1600 मीटर बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर रहे प्रतिभागी को 2100, द्वितीय को 1500, तृतीय को 1000, चतुर्थ को 500 तथा पंचम स्थान प्राप्त करने वाले को 300 रूपए पुरस्कार दिया गया। वहीं बालिका वर्ग में प्रथम 1500, द्वितीय 1000, तृतीय 800, चतुर्थ 500 एवं पंचम स्थान प्राप्त करने वाली प्रतिभागी को 300 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई।

लंबी कूद, ऊंची कूद एवं गोला फेंक में बालक और बालिका दोनों वर्गों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को क्रमशः 700, 500 एवं 300 की नकद राशि से सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण और खेलप्रेमी मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चक्रधर बाग थाना प्रभारी सिहावा थे। अध्यक्षता सरिता नेताम सरपंच घटुला ने की। विशिष्ट अतिथि नरसिंह मरकाम, सरपंच सिरसिदा, मोनू साहू, महामंत्री भाजपा मंडल बेलरगांव, वेदराम साहू, उपसरपंच सहित नरोत्तम साहू, लीलाधर साहू, यशवंत ठाकुर, राजकुमार मरकाम, वीरेंद्र मिश्रा, तोरण मरकाम, कुलेश्वर साहू, देवचरन कुंजाम, भोपेंद्र साहू सहित अन्य उपस्थित थे। आयोजन समिति ने कहा कि ऐसे आयोजन ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर देने के साथ युवाओं को अनुशासन, मेहनत और लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देते हैं।

27 गांवों में गोंड़ समाज ने शिक्षा सुधार का उठाया बीड़ा

- बेहतर शिक्षा के लिए गोंड़ समाज की पहल, पालकों से संवाद की बनेगी रणनीति
- गांव-गांव चल रहा जागरूकता अभियान, पालकों की सक्रिय भागीदारी पर जोर

दशहरा के बाद सिंगपुर में जुटेंगे बच्चे-पालक, रायपुर व दिल्ली से आएंगे शिक्षाविद

दशहरा के बाद सत्ताईस गांव से गोंड़ समाज के बच्चे, पालक सिंगपुर में एकत्रित होंगे जहां पालकों से बातचीत करने के लिए रायपुर एवं दिल्ली के शिक्षाविद उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

विकसित भारत के लिए सत्ताईस गांव से गोंड़ समाज के हजारों लोग शामिल हुए। बेहतर शिक्षा के लिए रणनीति बनाई। पालकों से संवाद करने रायपुर एव दिल्ली से शिक्षाविद आएंगे।

सेजेस सिंगपुर के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था में आमूल चूल परिवर्तन करने का निर्णय लिया है। सेजेस सिंगपुर सत्ताईस गांव में शिक्षा का अलख जगाने के लिए एक अभियान चलाकर क्रांतिकारी बदलाव के लिए गोंड़ समाज के पदाधिकारी जुट गए हैं। शिक्षा से जुड़े हुए गोंड़ समाज के पदाधिकारी, कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर स्कूली बच्चे, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं एवं पालकों से लगातार संवाद कर विद्यालय से जुड़कर शिक्षा के प्रति जागरूक होने का आह्वान कर कर रहे हैं। यह कार्य विगत एक माह से जारी है। अभी तक बासीखाई, मुरुमडीह, पठार, सिरकट्टा, रावतमुड़ा, मूलगांव, आलेखुंटा, बिरझुली, पिपरौद, मुड़केरा, घनोरा, सोनझरी, पालवाड़ी खड़मा, अंजोरा, बेन्द्राचुवा, सरईभदर, भोभलाबहरा में स्कूली बच्चे, पालक एवं मातृ शक्तियों से बातचीत की जा चुकी है।

सेजेस के प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा, व्याख्याता गोविंद नेताम, रामभुवन मारकोले, रीना ध्रुव, मोनिका रावटे, हीरालाल ध्रुव ने गोंड़ समाज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा है कि पालकों की सक्रिय भागीदारी से ही गुणात्मक शिक्षा आ सकती है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गोंड़ समाज के संरक्षक पूनाराम गंगवंशी, अध्यक्ष माधव सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जगन्नाथ मंडावी, कोषाध्यक्ष सोमनाथ ध्रुव, परिक्षेत्र अध्यक्ष दयाराम ध्रुव, बिंझवार ठाकुर, सचिव गोकुल ध्रुव, हरिराम मरकाम, लोकेश ध्रुव समेत अन्य लोग जुटे हुए हैं। इस कार्यक्रम में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत के सीईओ जयंत नाहटा को भी आमंत्रित किया जाएगा।

खैरा बाईपास बनने से बढ़ेगा विकास और व्यापार

- ग्रामीणों ने अपर कलेक्टर को सौंपा मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



कुरुद ब्लाक के खैरा गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ते हुए बाईपास सड़क निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीणों व पंचायत प्रतिनिधियों ने अपर कलेक्टर इंदिरा नवीन सिंह को मुख्यमंत्री, भारत सरकार व कलेक्टर के नाम मांग पत्र सौंपा। प्रस्तावित बाईपास कुरुद से करीब 2-3 किमी दूर खैरा के भाठाखार से धरसा रोड क्रॉस करते हुए मोंगरा के बाहरी हिस्से से खेतों की ओर होकर चर्रा के आगे नेशनल हाईवे से जोड़ने की मांग है।

ग्रामीणों ने बताया कि चर्रा के संकरे मुख्य बाजार मार्ग से भारी वाहनों समेत अन्य वाहनों का दबाव बढ़ गया है। इसी मार्ग पर कॉलेज, केंद्रीय विद्यालय, स्कूल और दुकानें होने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। विद्यार्थियों, बुजुर्गों और राहगीरों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने खैरा में सड़क, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी बताते हुए स्थायी समाधान की मांग की।

अपर कलेक्टर ने बाईपास व सड़क चौड़ीकरण के प्रस्ताव पर जल्द समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि सड़क बनने से कनेक्टिविटी, इंफ्रास्ट्रक्चर और व्यापारिक गतिविधियों को गति मिलेगी तथा जमीन का मूल्य भी बढ़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि मांग पूरी नहीं होने पर धरना-प्रदर्शन किया जाएगा।

समर्पण से बदली पालीवाड़ी आंगनबाड़ी की तस्वीर

- कार्यकर्ता मनीषा के प्रयास से बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड



ग्राम पालीवाड़ी का आंगनबाड़ी केंद्र अपने बेहतर कार्यों के कारण क्षेत्र में प्रेरणा का केंद्र बन रहा है। कार्यकर्ता मनीषा नेताम के समर्पण और निरंतर प्रयास से केंद्र में बच्चों को पोषण आहार के साथ शाला पूर्व शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। सेक्टर सिंगपुर की सुपरवाइजर झामिन बिन्झेकर के निरंतर निरीक्षण व प्रेरणा तथा परियोजना अधिकारी सुमीत गंडेचा के मार्गदर्शन और सहयोग से केंद्र की व्यवस्थाओं में सकारात्मक बदलाव आया है। सीमित संसाधनों और मोबाइल नेटवर्क की समस्या के बावजूद कार्यकर्ता निर्धारित समय से आगे बढ़कर बच्चों के लिए काम कर रही हैं। उनके प्रयास से केंद्र में बच्चों की उपस्थिति शत-प्रतिशत बनी हुई है। परिसर में पोषण वाटिका विकसित की गई है, जहां विभिन्न सब्जियां उगाई जाती हैं। इन ताजी सब्जियों का उपयोग बच्चों के भोजन में किया जाता है।

खेल-खेल में शिक्षा और स्वच्छता पर भी जोर

केंद्र में बच्चों को अंक पहचान, रंगों का ज्ञान, सब्जियों की पहचान, लिखना-पढ़ना और कहानी सुनाने जैसी गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। बच्चों को एक जैसी यूनिफॉर्म में केंद्र भेजने के लिए भी अभिभावकों को प्रेरित किया गया है। पोषण ट्रैकर में भी कार्यकर्ता का प्रदर्शन अच्छा बताया गया है।

बच्चों के लिए बना अनुकूल वातावरण

आंगनबाड़ी सहायिका उमा मरकाम स्वच्छता, बच्चों की देखभाल और दैनिक गतिविधियों में कार्यकर्ता का सहयोग कर रही हैं। दोनों के समन्वय से केंद्र में स्वच्छ, सुरक्षित और बच्चों के अनुकूल वातावरण बना है। ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र की सीमित सुविधाओं के बीच यह केंद्र सेवा, समर्पण और नवाचार का उदाहरण बनकर उभरा है।

शिविर में ग्रामीणों को मिला योजनाओं का लाभ

- 16 पंचायतों के ग्रामीण हुए शामिल, 25 आवेदन मिले, 16 प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सिहावा हाईस्कूल में सेवा संकल्प अभियान के तहत सरकार आपके द्वार तहसील स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सिहावा सहित 16 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी और सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं।

शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित 25 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 16 प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में राजस्व विभाग द्वारा 5 हितग्राहियों को जाति एवं निवास प्रमाण-पत्र तथा 10 हितग्राहियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किए गए। स्वास्थ्य विभाग ने 5 हितग्राहियों को आयुष्मान कार्ड, महिला एवं बाल विकास विभाग ने 5 हितग्राहियों को पोषण किट तथा शिक्षा विभाग ने एक दिव्यांग हितग्राही को किट प्रदान की। पंचायत विभाग द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 5 हितग्राहियों को आवास की चाबी भी सौंपी गई। इससे हितग्राहियों में खुशी का माहौल रहा।

शिविर में सिहावा, टांगापानी, मुकुंदपुर, हरदीभाठा, देवपुर, छिपलीपारा, बिरगुड़ी, सेमरा, भीतररास, सिरसिदा, लटियारा, पाईकभाठा, पांवद्वार, गिधावा और कोंगेरा सहित 16 ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया था। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को शासकीय योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं के निराकरण की प्रक्रिया की गई।

शिविर में एसडीएम प्रीति दुर्गम, जनपद सदस्य प्रेमलता नागवंशी, तहसीलदार विवेक चंद्राकर, सरपंच, पंचायत प्रतिनिधि, सचिव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को शासकीय सेवाओं से जोड़ना और उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर समाधान उपलब्ध कराना रहा।

धान बेचने अवैध पंजीयन कराने की शिकायत

- ग्राम पंचायत आमदी का मामला, पंजीयन निरस्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर पंचायत आमदी में 4 एकड़ कृषि जमीन के धान की बिक्री के लिए अवैध पंजीयन कराने की शिकायत कलेक्टर से की गई है। शिकायतकर्ता ने कलेक्टर से उक्त भूमि का पंजीयन निरस्त करने की मांग की है।

आमदी निवासी जयनारायण देवांगन ने कलेक्टर के नाम आवेदन सौंपकर कहा है कि आमदी के एक व्यक्ति ने गांव के खसरा क्रमांक 2363 रकबा 1.57 हेक्टयर कृषि जमीन का अवैध रुप से धान बिक्री के लिए पंजीयन कराया है। उक्त जमीन पर वास्तविक कब्जा जयनारायण देवांगन, जोगेश्वर देवांगन, जमुनाबाई देवांगन का है। उक्त जमीन 1975 एवं 1984 में खरीदी गई है तब से सतत कृषि कार्य किया जा रहा है और कोई विवाद नहीं रहा है। सन 1994-95 में बंदोबस्त के समय खसरा नंबर त्रुटि पूर्ण इंद्राज होने से प्रतिकूल कब्जा बताया जा रहा है। जिस व्यक्ति द्वारा धान बिक्री के लिए अवैध पंजीयन कराया गया है उसकी काबिज वाली भूमि बंजर है। वहां ईंट आदि का निर्माण कराया गया है। राजस्व मंडल रायपुर का आदेश चतुर सीमा और गांव के किसान गवाह हैं।

जयनारायण देवांगन ने कहा है कि वे धान का उत्पादन करते हैं, लेकिन बंदोबस्त में हुई त्रुटि का फायदा उठाकर खसरा नंबर 2363 पर धान बिक्री का अवैध पंजीयन कराकर किसी अन्य का धान बेच रहा है। इससे शासन को आर्थिक क्षति हो रही है। उन्होंने खसरा नंबर 2363 का पंजीयन रद्द कराने की मांग की है।



अंचल की खबरें

नागेश्वर मानस समिति ने गांधी-शास्त्री को स्मरण किया



धमतरी महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर श्री नागेश्वर मानस प्रचार समिति एवं वार्डवासियों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। सभा के माध्यम से दोनों महापुरूषों की जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर लक्ष्मीनारायण साहू, ईश्वर पटेल, सालिक साहू, लोकेश नेताम, मानिक साहू, योगेश, संतोष साहू, यादराम ध्रुव, दशरथ नेताम, मोहित ध्रुव, नीलकंठ साहू, गिरधर देवांगन उपस्थित थे।

आमदी में रामधुनी प्रतियोगिता शुरू



धमतरी। नगर पंचायत आमदी के शांति चौक में छत्तीसगढ़ी रामधुनी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। रामधुनी के माध्यम से धर्म, संस्कृति, संस्कार एवं भक्ति का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कोमल यादव उपाध्यक्ष नगर पंचायत आमदी ने कहा कि संस्कृति और संस्कार हमारी पहचान है। यदि हमें अपनी आने वाली पीढ़ियों को संस्कृति और संस्कारों से जोड़कर रखना है, तो हमें धर्म एवं सामाजिक आयोजन को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभानी होगी।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में जिले से 11731 विद्यार्थी शामिल हुए



धमतरी। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में धमतरी जिले की 450 शालाओं के 11731 छात्र छात्राएं शामिल हुए। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से देश के लिए श्रेष्ठ, कुशल एवं संस्कारवान नागरिक तैयार करना है। इससे विद्यार्थियों का शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं चारित्रिक विकास होता है। भासंज्ञाप के जिला संयोजक प्रदीप देवांगन, कोषाध्यक्ष मोहन गंजीर, सचिव एलके यादव ने बताया कि इस वर्ष धमतरी ब्लाक से 3072 विद्यार्थी, कुरुद से 2108 मगर लोड से 2005, नगरी से 2645 एवं भखारा ब्लाक से 1901 विद्यार्थी शामिल हुए। इस आयोजन में दिलीप नाग, श्रीमती खिलेश्वरी किरण, उगेश बंसोर, मैकूराम निषाद, धन्वंतरि नाग, डा रामचंद्र मेश्राम, राजकुमार साहू का सहयोग प्राप्त हुआ।

नपा अध्यक्ष ने गांधी जयंती पर खादी खरीदकर स्थानीय कारीगरों को किया प्रोत्साहित



कुरुद। महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने भाजपा पदाधिकारियों के साथ कुरुद हाथकरघा सोसायटी पहुंचकर खादी के कपड़े खरीदे। उन्होंने सोसायटी सदस्यों से चर्चा कर उनके कार्य को प्रोत्साहित किया और स्थानीय स्तर पर निर्मित वस्त्रों को बढ़ावा देने का संदेश दिया। ज्योति चंद्राकर ने कहा कि खादी केवल वस्त्र नहीं, बल्कि स्वदेशी, आत्मनिर्भरता और स्थानीय कारीगरों के सम्मान का प्रतीक है। उन्होंने नगर एवं क्षेत्रवासियों से हाथ से तैयार कपड़ों की खरीदारी कर हाथकरघा सोसायटी और स्थानीय नागरिकों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि गांधी जी के स्वदेशी और आत्मनिर्भरता के सपने को साकार करने के लिए खादी को जन-जन तक पहुंचाना जरूरी है। इस अवसर पर गांधी जी व शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में भानु चंद्राकर सहित भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।

दिवंगत बालक के परिजनों से मिले विधायक ओंकार



धमतरी। सोरिद वार्ड में बच्चे के डूबने से हुई दुखद मृत्यु के बाद विधायक ओंकार साहू ने शोकाकुल परिवारजनों से भेंटकर अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस कठिन एवं दुखद समय में परिवार के साथ खड़े रहने की बात कही। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि आकाश गोलछा, सोरिद वार्ड के पार्षद विशु देवांगन एवं डाक बंगला वार्ड के पार्षद प्रतिनिधि सोमेश मेश्राम उपस्थित थे। ज्ञात हो कि सोरिद वार्ड में बच्चे के लापता होने की दुखद घटना के बाद चलाए गए सर्च एवं राहत अभियान के दौरान बचाव कार्य को सुगम बनाने के लिए मौके पर स्थित पुल को तोड़ा गया था। विधायक ने पुल की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को पुल के पुनर्निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर समयबद्ध रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

सेजेस के प्रधानपाठक को मिला उत्कृष्ट शिक्षक अवार्ड



सिर्री। जिलास्तरीय सेवा संकल्प के अवसर पर पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली में चित्रकला, रंगोली, भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। सभी प्रतिभागी बच्चों को प्रबंधन समिति के सदस्यों द्वारा पुरस्कार दिया गया। उत्कृट कार्य करने वाले प्रधानपाठक ललित कुमार साहू को कलेक्टर व जिला शिक्षा अधिकारी के सहयोग से विधायक अजय चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, निरंजन सिन्हा द्वारा प्रमाण-पत्र और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने हर्ष जताया है।

खबर संक्षेप

ग्राम डाही में दुर्गोत्सव समिति का गठन

धमतरी। ग्राम डाही में नव युवक बाल समाज बाजार चौक में दुर्गोत्सव समिति का गठन किया गया है। अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष गितेद्र नेताम, सचिव खोमेद्र साहू, सहसचिव गंगाधर निर्मलकर, कोषाध्यक्ष तुमेश नेताम, संरक्षक परसराम ठाकुर, युधिष्ठिर ध्रुव, मिलावा ठाकुर, चंद्रहास मंडावी, धररमसिंह मरकाम बनाए गए। सदस्यों में छबिलाल साहू, राजू साहू, बिसुत साहू, प्रकाश ध्रुव, जितेद्र पटेल, पेखन पटेल, गिरधर ध्रुव समेत अन्य शामिल हैं।

धमतरी में कोई भी पात्र परिवार पट्टे से वंचित नहीं रहेगा : रंजना

धमतरी। शहर के शासकीय, नजूल एवं आबादी भूमि पर वर्षों से



निवासरत, कर-टैक्स चुका रहे हजारों पट्टाविहीन परिवारों के लिए राहत भरी खबर है। लंबे समय से लंबित पट्टा वितरण का सर्वे कार्य पूर्ण हो चुका है। इसमें 2017 के बाद से काबिज परिवारों को भी शामिल किया गया है, जिन्हें अब तक पट्टा नहीं मिल पाया था। शासन स्तर पर जल्द ही पट्टा वितरण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। धमतरी प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने इस संबंध में राजस्व अधिकारियों से जानकारी ली। बैठक में पात्रता, वास्तविक कब्जे के सत्यापन और वार्डवार सूची की प्रगति की समीक्षा की गई। श्री वर्मा ने आश्वस्त किया कि सर्वे रिपोर्ट के आधार पर नियमानुसार पात्रता का परीक्षण कर धमतरी के पात्र परिवारों को जल्द से जल्द पट्टा दिया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वास्तविक कब्जेदार, भूमि उपयोग और अभिलेखों की जांच पारदर्शी तरीके से पूरी कर सूची अंतिम की जाए। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने इस निर्णय पर विष्णुदेव सरकार एवं राजस्व मंत्री का आभार जताया। राजस्व मंत्री से पट्टे के नियमों और प्रक्रिया के सरलीकरण की बात कहते हुए धमतरी में जल्द पट्टा वितरण को पूर्ण करने की बात कही।

तेज रफ्तार बाइक ट्रक से टकराई दो युवक घायल ट्रक चालक फरार



फरसगांव। राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित रांधना मोड़ पर हुए सड़क हादसे का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। सीसीटीवी फुटेज में तेज रफ्तार बाइक और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर साफ दिखाई दे रही है। हादसे में बाइक सवार दो युवक घायल हो गए, जिन्हें स्थानीय लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर किया गया है। **थाना प्रभारी ने वाहन चालकों से की सावधानी की अपील :** फरसगांव थाना प्रभारी चंद्रशेखर श्रीवास ने वाहन चालकों से मुख्य मार्ग पर पहुंचते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण सड़क से निकलकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहुंचने वाले वाहन चालकों को बेहद सतर्क रहना चाहिए। सड़क पर छोटी सी लापरवाही भी गंभीर हादसे का कारण बन सकती है। फिलहाल फरसगांव पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है। टक्कर के बाद सड़क पर गिरी बाइक सीसीटीवी के आधार पर ट्रक की तलाश : सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा है कि तेज रफ्तार बाइक ट्रक से जा टकराई। टक्कर के बाद बाइक सड़क पर गिर गई और दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही फरसगांव पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस अब सामने आए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार ट्रक और उसके चालक की पहचान करने में जुटी है। पुलिस द्वारा ट्रक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है।

ग्राम सोरम-भटगांव के पांच एकड़ भूमि में गोकुल नगर तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में डेयरी से जुड़ी स्वच्छता और यातायात संबंधी समस्याओं को दूर करने नगर निगम ने पहल तेज कर दी है। महापौर रामू रोहरा के मार्गदर्शन में शहर की डेयरियों को व्यवस्थित करने और पशुपालकों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जा रहा है। सोरम-भटगांव में करीब पांच एकड़ क्षेत्र में गोकुल नगर तैयार किया गया है, जहां पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नगर निगम का उद्देश्य शहर के भीतर संचालित डेयरियों को एक व्यवस्थित स्थान उपलब्ध कराना है, ताकि डेयरी संचालकों और आम नागरिकों दोनों को सुविधा मिल सके।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि डेयरियों को गोकुल नगर में स्थानांतरित करने से शहर में स्वच्छता व्यवस्था बेहतर होगी और पशुपालकों को भी सुविधाजनक वातावरण मिलेगा। निगम द्वारा डेयरी संचालकों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को समझते हुए समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

डेयरी संचालकों से समन्वय कर व्यवस्था सुधारने की हो रही तैयारी

डेयरियों का सर्वे, स्वच्छता पर विशेष जोर

नगर निगम आयुक्त अरुण वर्मा के अनुसार शहर में संचालित डेयरियों का सर्वे कराया गया है। नयापारा, रामसागरपारा, गोल बाजार सहित अन्य क्षेत्रों में स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया गया। कुछ स्थानों पर गोबर के कारण नालियों की निकासी प्रभावित होने की जानकारी सामने आई है। निगम अब डेयरी संचालकों के साथ समन्वय बनाकर व्यवस्था सुधारने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। इसी क्रम में डेयरी संचालकों से स्वच्छता शुल्क लेने की तैयारी भी की जा रही है। शुल्क पशुओं की संख्या और गोबर की मात्रा के आधार पर निर्धारित किए जाने की बात कही गई है।



शहर हित में जरूरी कदम

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि निगम का प्रयास किसी



पर अनावश्यक दबाव बनाना नहीं, बल्कि शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाना है। डेयरी संचालकों के साथ बैठक कर उनकी सहमति और आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए आगे की व्यवस्था तय की जाएगी। गोकुल नगर में सुविधाएं विकसित करने के बाद निगम अब डेयरियों को व्यवस्थित रूप से वहां संचालित कराने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है।

त्र्यंबकेश्वर मंदिर में दर्शन के साथ गंगरेल बांध में पर्यटकों ने लिया मोटर बोटिंग का आनंद

ओन्हाकोना में रविवार को रही सैलानियों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

गंगरेल बांध के एक छोर पर बसे ग्राम ओन्हाकोना में रविवार को सैलानियों और श्रद्धालुओं की अच्छी-खासी भीड़ रही। दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं ने त्र्यंबकेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के दर्शन कर पूजा-अर्चना की, वहीं पर्यटकों ने गंगरेल बांध के जल क्षेत्र में मोटर बोटिंग का आनंद लिया। लोगों ने मंदिर और बांध की मनोरम वादियों में फोटो व सेल्फी लेकर पलों को यादगार बनाया।

धमतरी शहर से करीब 26 किलोमीटर दूर बस्तर रोड से लगभग 5 किलोमीटर अंदर जंगल क्षेत्र में ग्राम ओन्हाकोना स्थित है। यह गांव गंगरेल बांध के एक छोर पर बसा है। बांध बनने से पहले यह क्षेत्र डुबान में आता था। बांध निर्माण के बाद ग्रामीणों को विस्थापित कर बांध किनारे बसाया गया। वर्तमान में ग्रामीण खेती-किसानी के साथ मत्स्य पालन और मत्स्याखेट से अपनी आजीविका चला रहे हैं। हालांकि राष्ट्रीय राजमार्ग से गांव तक पहुंचने वाला मार्ग अभी भी कच्चा है, जिससे बारिश के दिनों में आवागमन चुनौतीपूर्ण हो जाता है।







रविवार को हरिभूमि संवाददाता के पहुंचने पर यहां पर्यटक बांध की खूबसूरत वादियों में फोटो और सेल्फी लेते नजर आए। वहीं श्रद्धालु त्र्यंबकेश्वर मंदिर में भगवान भोलेनाथ के तीन पिंडों पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना करते और मंगल कामना करते दिखाई दिए।

गांव में प्रवेश पर ग्राम समिति द्वारा बैरियर लगाया गया है। यहां कार का 20 रुपए और बाइक का 10 रुपए शुल्क लिया जाता है। बांध किनारे मोटर बोटिंग की सुविधा भी उपलब्ध है। समिति द्वारा प्रति व्यक्ति 100 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। यहां करीब 15 मोटर बोट संचालित है। सुरक्षा के लिए पर्यटकों को लाइफ जैकेट भी उपलब्ध कराई जाती है।

मोटर बोट संचालक केशव मंडावी और श्रवण चालकी ने बताया कि बोटिंग सुबह 9 बजे से शाम करीब 5 से 6 बजे तक संचालित की जाती है। रविवार और छुट्टी के दिनों में बड़ी संख्या में पर्यटक बोटिंग का आनंद लेने पहुंचते हैं।

धर्मप्रेमी तीरथराज ने कराया मंदिर का निर्माण

ज्ञात हो कि ओन्हाकोना स्थित त्र्यंबकेश्वर मंदिर का निर्माण धमतरी निवासी धर्मप्रेमी तीरथ राज फूटान ने कराया है। मंदिर में भगवान भोलेनाथ के तीन पिंड स्थापित हैं। प्राकृतिक वातावरण और गंगरेल बांध के सुंदर नजारे के बीच स्थित यह मंदिर श्रद्धालुओं के साथ पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बनता जा रहा है। यहां आने वाले लोग भगवान के दर्शन के साथ बांध की प्राकृतिक सुंदरता और मोटर बोटिंग का भी आनंद लेते हैं।

सुपोषित बच्चे, स्वस्थ माताएं ही मजबूत परिवार की नींव



■ आंगनबाड़ी केंद्र भोयना में हुआ आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आंगनबाड़ी केंद्र भोयना में आंगन मिलन उत्सव कार्यक्रम हुआ। मुख्य अतिथि जिला पंचायत की सभापति मोनिका देवांगन ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र केवल बच्चों की देखभाल और पोषण का केंद्र नहीं, बल्कि माताओं, बच्चों और परिवारों के समग्र विकास का महत्वपूर्ण आधार है। योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि सुपोषित बच्चे, स्वस्थ माताएं और सशक्त महिलाएं ही मजबूत परिवार एवं विकसित समाज की नींव हैं। एएनएम ने बताया कि बच्चों को आवश्यक टीके लगवाना उनके स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर अन्नप्राशन, शाला प्रवेश, स्वस्थ बच्चा सम्मान, महतारी शक्ति सम्मान के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका एवं मितानिनों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता, पौष्टिक व्यंजन प्रदर्शन, न्योता भोज तथा हितग्राहियों द्वारा अपने अनुभव साझा करने जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। मौके पर सुलोचना देवांगन, लक्ष्मीबाई, सुमित्रा ध्रुव, कुमारी नेताम, टिंकी साहू, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका, मितानिन समेत ग्रामीणजन उपस्थित थे।

टिकरापारा में चल रहे धार्मिक गतिविधियों की जांच की मांग

■ सकल हिंदू समाज ने एसडीएम के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के टिकरापारा क्षेत्र में संचालित धार्मिक गतिविधियों को लेकर सकल हिंदू समाज ने प्रशासन से निष्पक्ष और तथ्यात्मक जांच की मांग की है। संगठन के प्रतिनिधियों ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में क्षेत्र में धार्मिक प्रार्थना के नाम से संचालित धार्मिक सभाओं एवं अन्य गतिविधियों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने का आग्रह किया है। आगे कहा कि किसी भी व्यक्ति की धार्मिक स्वतंत्रता अथवा शांतिपूर्ण उपासना में हस्तक्षेप करना उद्देश्य नहीं है। मांग केवल यह है कि यदि धार्मिक गतिविधियों के दौरान कानून के विपरीत धर्मांतरण, प्रलोभन, अनुचित प्रभाव, कपटपूर्ण साधन या सामूहिक धर्मांतरण जैसी गतिविधियां सामने आती हैं तो उनकी नियमानुसार जांच की जाए।



हिंदू संगठन ने मंदिर में किया हनुमान चालीसा पाठ

धर्मांतरण संबंधी शिकायतों को लेकर हिंदू संगठन ने रविवार को टिकरापारा के मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस दौरान माइक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। इसके बाद संगठन के सदस्यों ने सिटी कोतवाली पहुंचकर प्रदर्शन किया और मामले में नए कानून के तहत कार्रवाई की मांग की। संगठन ने शनिवार तक कार्रवाई नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। इस संबंध में एसडीएम के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। नायब तहसीलदार ने बताया कि कलेक्टर के निर्देश पर मामले की जांच के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं।

दस्तावेजों के आधार पर स्थिति स्पष्ट करने की मांग

ज्ञापन में छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंत्र्य अधिनियम 2026 के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए धार्मिक गतिविधियों की प्रकृति, उनमें शामिल लोगों की भूमिका और धर्मांतरण संबंधी शिकायतों की तथ्यात्मक जांच की मांग की गई। सकल हिंदू समाज ने कहा कि जांच के दौरान यदि किसी तरह के अपराध के प्रमाण मिलते हैं तो संबंधित लोगों पर कार्रवाई होनी चाहिए।

बंगाली समाज का दुर्गोत्सव 16 अक्टूबर से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सार्वजनिक बंगाली दुर्गा पूजा समिति एवं धमतरी बंगाली एसोसिएशन द्वारा शारदीय दुर्गोत्सव का आयोजन 16 से 21 अक्टूबर तक महाराणा प्रताप रिसोर्ट विवेकानंद कॉलोनी गली नंबर 3 में किया जाएगा। 16 अक्टूबर को सुबह 6 बजे से श्रीश्री दुर्गा महाषष्ठी पूजा होगी। शाम 7 बजे बोधन, आमंत्रण एवं अधिवास का आयोजन किया जाएगा। 17 अक्टूबर को सुबह 7 बजे महासप्तमी पूजा होगी। 18 अक्टूबर को नवपत्रिका प्रवेश एवं स्थापना के साथ पूजा अनुष्ठान होगा। 19 अक्टूबर को महाअष्टमी एवं संधि पूजा होगी। संधि पूजा सुबह 4.30 बजे से शुरू होगी, जबकि पूजा सुबह 7.26 बजे प्रारंभ होकर 8.14 बजे समाप्त होगी। सुबह 7.50 बजे बलिदान की परंपरा निभाई जाएगी। 20 अक्टूबर को सुबह 7 बजे से महानवमी पूजा होगी।

21 अक्टूबर को सुबह 8 बजे महादशमी पूजा तथा 10.30 बजे हवन होगा। पूजा के बाद प्रतिमा आवरण एवं विसर्जन किया जाएगा। आयोजन के दौरान प्रतिदिन पुष्पांजलि, भोग प्रसाद वितरण, संध्या आरती और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। पुष्पांजलि सुबह 6 बजे, भोग प्रसाद दोपहर 1 बजे, प्रसाद वितरण पूजा के बाद तथा संध्या आरती शाम 7 बजे होगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम शाम 7.30 बजे से आयोजित किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष संजय भट्टाचार्य एवं सदस्यों ने पूजा मंडप में श्रद्धालुओं की उपस्थिति और सहयोग की अपील की है।

आमदी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम और स्वच्छता पर जोर



आमदी। नगर पंचायत आमदी कार्यालय के सभाकक्ष में 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन, स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 तथा सेवा ही संकल्प अभियान के तहत स्वच्छ भारत दिवस के अवसर पर एक विशेष परिषद बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव ने की। बैठक में नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य हितधारकों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के प्रमुख प्रावधानों, स्रोत पर चार-वे (4- वे) अपशिष्ट पृथक्करण (कचरा अलग-अलग करने) तथा वेस्ट जनरेटर्स के उत्तरदायित्वों और कर्तव्यों के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया। इस दौरान लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। बैठक में नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव, सभापति उमानंद कुंभकार, सीएमओ दीपक शुक्ला, उपभियंता वैभव त्यागी, पीआईयू कामता साहू, पार्षदगण, एल्डरमैन, निकाय के अधिकारी-कर्मचारी, स्वच्छता दीदी, स्वच्छता कमांडो एवं नगर के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

प्रभारी मंत्री ने विंध्यवासिनी वार्ड की आंबा कार्यकर्ता को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सेवा संकल्प अभियान कार्यक्रम अंतर्गत प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए विंध्यवासिनी वार्ड आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 02 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मंजू सोनकर को सम्मानित किया। श्रीमती सोनकर ने बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति, ईसीसीई गतिविधियों का आयोजन, पालकों के सहयोग से बच्चों के लिए यूनिफॉर्म की व्यवस्था तथा अन्य विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान दिया। महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए उन्हें श्रीफल, शाल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व गर्भवती महिलाओं का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम मौरीकला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-2 में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती एवं शिशुवती महिलाओं सहित ग्रामीण माताओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं एवं सुविधाओं की जानकारी महिलाओं को दी गई। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के साथ प्रथम एवं द्वितीय बच्चे के जन्म पर मिलने वाले लाभ, पात्रता एवं आवश्यक सुविधाओं के संबंध में भी विस्तार से बताया गया। महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण एवं मातृत्व से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी देकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिका एवं गर्भवती महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच निर्मला साहू, उपसरपंच तुलेंद्र साहू, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर अरुणा मिश्रा, कार्यकर्ता पार्वती साहू एवं सेवती साहू, सहायिका नंदनी साहू, मितानिन अनुसुईया साहू, गायत्री नागरची, रोजगार सहायक चन्द्रकिरण साहू, तिजेश्वरी यादव एवं सोहद्रा निषाद उपस्थित थे।

कांग्रेसियों ने गांधी-शास्त्री की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

धमतरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 122वीं जयंती पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने दोनों महापुरुषों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कांग्रेसियों ने तहसील कार्यालय के समीप स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा तथा मकई चौक स्थित पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए और माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेताओं ने दोनों महान विभूतियों के राष्ट्र निर्माण में दिए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया और उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। नेताओं ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत आज भी पूरे विश्व को शांति का मार्ग दिखाते हैं। लाल बहादुर शास्त्री की सादगी, ईमानदारी और जय जवान, जय किसान का नारा आज भी देश के हर नागरिक के भीतर राष्ट्रप्रेम की ऊर्जा भरता है।

